## महत्वपूर्ण एवं खास

### 9 जनवरी से 5 फरवरी तक स्कूलों में छुट्टी का वायरल हो रहा आदेश फर्जी

**कलेक्टर रानू साहू ने मामले की जांच और कार्यवाही के आदेश दिए**

**रायगढ़।** विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ का एक फर्जी आदेश वायरल हो रहा है। जिसमें कोविड के बढ़ते मामलों के कारण स्कूलों में 9 जनवरी से 5 फरवरी तक छुट्टी किए जाने का उल्लेख किया गया है। कलेक्टर रानू साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षाधिकारी बी.बाखला ने बताया कि ऐसा कोई आदेश जारी नही किया गया है। उन्होंने कहा कुछ शरारती तत्वों द्वारा पूर्व में कोविड काल के दौरान जिले के पूर्व कलेक्टर भीम सिंह द्वारा जारी आदेश में छेड़छाड़ कर इसे वायरल किया जा रहा है। उन्होंने सभी पालकों और स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि इस आदेश को नजर अंदाज करें।

### जीपीएफ के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु 11 से 13 जनवरी तक लगेगा कोषालय में शिविर

**रायगढ़।** महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा जीपीएफ GPF Minus Balances, Unposted Credit/ Debit, Dormant, Fullwant/Partwant & Missing Credits etc.के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला कोषालय रायगढ़ में 11 से 13 जनवरी 2023 तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने सर्व आहरण एवं संवितरण अधिकारी जिला-रायगढ़ अथवा जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को सूचित करते हुए कहा है कि लिंक https://ekoshonline.cg.nic.in/ AG GPF Unpost.aspx से सूची डाउनलोड कर अपने कार्यालय से संबंधित शासकीय सेवक का संलग्न एनेक्जर-2 के अनुसार सही जीपीएफ नंबर, जिस माह से संबंधित हो उनका व्हाउचर एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कोषालय रायगढ़ में नियत तिथि में शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

### ठंड से ठिठुर रही भटकी हुई बुजुर्ग महिला को कोतवाली पुलिस ने पहुंचाया घर



**रायगढ़।** शहर के ढिमरापुर चौक पर करीब 60-65 वर्ष की बुजुर्ग महिला को ठंड से ठिठुरते देख आस-पास मौजूद दुकानदार बुजुर्ग महिला से पूछताछ किए। वृद्धा काफी परेशान घबराई हुई थी, अपने घर का पता नहीं बता पाई। जिस पर एक जिम्मेदार नागरिक द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ को उक्त महिला के संबंध में सूचना दिया गया। कंट्रोल रूम द्वारा कोतवाली पुलिस को वायरलेस पर गुम महिला की सूचना दी गई , सूचना पर तत्काल कोतवाली पेट्रोलिंग की टीम ढिमरापुर चौक जाकर उक्त बुजुर्ग महिला से भेंट किया गया। महिला अपना नाम सुरजा साहू (उम्र 65 वर्ष) इंदिरानगर रायगढ़ की रहने वाली बताई जिसे इंदिरानगर ले जाकर पूछताछ किया गया पर उसके परिवारजनों का पता नहीं चला। कोतवाली पुलिस उक्त महिला को लेकर बस स्टैंड, केवड़ाबाॅडी आदि स्थानों में राहगीरों से पूछताछ किया गया जिस पर उक्त महिला को गोरखा थाना कोतरारोड क्षेत्र की रहने वाली होना पता चला जिस पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा महिला के परिवारजनों का पता करते हुए गोरखा पहुंची। जहां उसके सुपुत्र मकरध्वज साहू पिता स्वर्गीय रेशम लाल साहू के मिलने पर महिला सुरजा साहू को उनके सुपुर्द किया गया है।

# समय पर टीवी रिपेयर कर नहीं देने पर मैकेनिक से मारपीट, ईलाज दौरान बुर्जुग मैकेनिक की मौत

**❑ हत्या के अपराध में विधि के साथ संघर्षरत बालक और आरोपी युवक गिरफ्तार, तमनार क्षेत्र की घटना**



**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने आज हत्या के अपराध में आरोपी युवक गंगाधर राठिया (23 साल) तथा एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपित लड़कों ने 05 जनवरी को गांव के डीटीएच, टीवी सुधारने वाले से समय पर टीवी बनाकर नहीं दे रहे हो कहकर गाली गलौच कर मारपीट किये थे। आहत 65 वर्षीय करम सिंह चौहान का 07 जनवरी को रायगढ़ अस्पताल ले जाते समय निधन हो गया था।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 07.01.2022 को थाना तमनार में गणेश राम चौहान (22 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.01.2023 के शाम इसके पिताजी करम सिंह चौहान (65 साल) मोहल्ले तरफ घूमने गया था। जहां गांव का गंगाधर राठिया एक महीना पहले टीवी सुधारने दिये हैं, अभी तक नहीं किये हो कहकर गाली गलौच कर उसके साथ रहे लड़के के साथ मिलकर हाथ-मुक्का, लात, घूसा और डंडे से सिर में मारकर चोट पहुंचाये थे, सिर पर सूजन और अंदरूनी चोट था। घटना के बाद पिताजी को बेहोशी हालत में छोटा भाई घर लेकर आया। घरेलू उपचार से ठीक हो जायेगा ऐसा सोचकर अस्पताल नहीं लेकर गये थे। दिनांक 07.01.2023 को तमनार अस्पताल ले जाकर डॉक्टर को दिखाये। डॉक्टर मरीज की स्थिति देखकर बेहतर ईलाज के लिये रायगढ़ ले जाने की सलाह दिये। उसी दिन घटना की रिपोर्ट थाना तमनार में दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर आरोपित पर धारा 294, 506, 323, 34 भा.द.वि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आहत करम सिंह चौहान की हालत गंभीर होने से ईलाज के लिये मेडिकल कॉलेज रायगढ़ लेकर जा रहे थे, अस्पताल पहुंचने से पहले आहत करम सिंह का निधन हो गया। घटना की सूचना थाना चकधरनगर रायगढ़ में दिया गया। थाना चक्रधरनगर से बिना नम्बरी मर्ग डायरी थाना तमनार को प्राप्त होने पर असल मर्ग कायम किया गया। आरोपियों द्वारा एक राय होकर लात घूसे एंव डंडे से करम सिंह के सिर में हत्या करने के आशय से मारपीट कर चोट पहुंचाने से मृत्यु होना पाये जानें से मारपीट के अपराध में धारा 302 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी गंगाधर राठिया एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया। आरोपी गंगाराम राठिया से घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर दोनों को गिरफ्तारी के कारण से अवगत कराते हुए दोनों को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, अनूप कुजूर, संतोष कुर्रे और आरक्षक कमलेश राठिया, किशोर कुल्लू की प्रमुख भूमिका रही है।

**नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन**

# रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 में 55.16 प्रतिशत हुआ मतदान



**❑ पुसौर के क्षेत्र क्रमांक 25 में जनपद पंचायत सदस्य के लिए 59.94 प्रतिशत हुआ मतदान**

**❑ वार्ड क्रमांक 27 में 1739 एवं पुसौर में 2776 मतदाताओं ने डाले वोट**

**रायगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2023-23 में नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड 27 में आज मतदान 55.16 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 1739 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें कुल पुरूष मतदाताओं की संख्या 850 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 889 रही। ज्ञात हो कि नगर निगम वार्ड क्रमांक 27 में कुल 3153 मतदाता है। जिनमें 1586 पुरूष मतदाता एवं 1567 महिला मतदाता है।

**त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के परिणाम-** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत पुसौर के क्षेत्र क्रमांक 25 में जनपद पंचायत सदस्य के लिए आज उप निर्वाचन हुआ। जिसमें 59.94 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 2776 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें कुल पुरूष मतदाताओं की संख्या 1444 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1332 रही। ज्ञात हो कि पुसौर क्षेत्र क्रमांक 25 में कुल 4631 मतदाता है। जिनमें 2375 पुरूष मतदाता एवं 2256 महिला मतदाता है।

# रायगढ़ एमजी रोड से चोरी हुई बुलेट वाहन उड़ीसा के बेलपहाड़ में मिली



**रायगढ़।** 6 जनवरी को रायगढ़ एमजी रोड में रहने वाले अनूप अग्रवाल (उम्र 41 वर्ष) द्वारा थाना कोतवाली में 5-6 जनवरी की दरमियानी रात उनके घर के बाहर खड़ी बुलेट क्रमांक सीजी 13 ए.जे. 1588 के चोरी हो जाने की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराया गया। मामले में कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माल मुलजिम सघन पतासाजी के क्रम में कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में घटनास्थल व्यस्ततम एमजी रोड के सीसीटीवी फुटेज चेक कर मुखबिरों को माल-मुल्जिम के संबंध में सूचना देने निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी के सक्रिय सूचनातंत्र के फलस्वरुप आज सुबह थाना प्रभारी कोतवाली को उनके सक्रिय मुखबिर द्वारा उक्त बुलेट वाहन को जिला झारसुगुडा (ओड़िशा) के बेलपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लावारिस हालत में खड़े होने की सूचना दिया गया। थाना प्रभारी के निर्देशन पर थाने से प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया के हमराह स्टाफ उक्त वाहन को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में कोतवाली पुलिस मुखबिरों को सक्रिय कर तथा तकनीकी साक्ष्यों को जोड़ते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने राशन कार्ड संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश, जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने लगातार आ रहे राशन कार्ड संबंधी मामलों को संबंधित विभाग को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में कलेक्टर ने हितग्राहियों को अवगत कराया कि अभी वर्तमान में आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जनदर्शन में ग्राम खुदूभांठा निवासी पावती लहरे ने बीपीएल राशन कार्ड बंद होने की समस्या को लेकर आवेदन किया, ठीक इसी तरह ग्राम पंचायत गन्तुली बड़े निवासी नंदू जोल्हे ने राशन कार्ड न होने के एवज में नया राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सीईओ जनपद को जाँच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बरमकेला निवासी दुलार सिंह द्वारा वन अधिकार पट्टा निर्माण प्राप्त करने में समस्या पैदा होने के संबंध में जांच करने हेतु आवेदन किया गया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जाँच करने के निर्देश दिए। ग्राम गगोरी तहसील भटगांव निवासी तुलसी बाई ने अशोक कुमार के खिलाफ अपने अंगूठे के निशान का गलत इस्तेमाल कर धान खरीदी करने संबंधी मामले को लेकर आवेदन किया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने तहसीलदार बिलाईगढ़ को जाँच करने के निर्देश दिए। ग्राम कौवातल, सारंगढ़ निवासी चुम्मन लाल बंजारे ने स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत शौचालय निर्माण की राशि दिलाए जाने हेतु आवेदन किया, ठीक इसी तर्ज पर ग्राम पंचायत बिलाईगढ़ शौचालय निर्माण कार्य की राशि संबंधित हितग्राहियों को भुगतान करने हेतु आवेदन किया गया। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम सलोनी सारंगढ़ निवासी सावित्री जाटवर ने मानसिकता विकलांगता की समस्या बताते हुए प्राथमिकी राशन कार्ड को अंत्योदय राशन कार्ड में परिवर्तन करने हेतु आवेदन किया, जिस पर खाद्य विभाग को जाँच करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें ईपीएफ राशि के भुगतान, संपत्ति बंटवारा संबंधी आवेदन, धान खरीदी संबंधी समस्या एवं मुआवजा राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित विभाग को प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट कार्यालय में जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाता है।

# चंदा मांगने असामाजिक तत्वों ने प्लांट अंदर घुसकर सुरक्षाकर्मियों से की गाली गलौच व मारपीट, रूपानाधाम प्लांट की घटना

**❑ पूंजीपथरा पुलिस ने बलवा समेत अजमानतीय धाराओं में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार**



रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा रूपानाधाम स्टील प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी सराईपाली में छेरछेरा के नाम पर चंदा मांगने घुसकर प्लांट के सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों की पहचान कर हमले की तैयारी के साथ बलवा करने के अपराध में आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में प्लांट के महाप्रबंधक सुधीर कुमार सिंह (53 वर्ष) दिनांक 07.01.2023 को थाना पूंजीपथरा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 06/01/2023 के शाम करीब 04:30 बजे कंपनी के गेट पर करीब 40-50 असामाजिक तत्व छेरछेरा का चंदा मांगने आये थे जिसमें से एक का नाम बबलू सोनी निवासी सराईपाली का रहने वाला है और एक का बरपाली महिला सरपंच का पति बाबू सिदार है।

वे लोग चंदा मांगने प्लांट अंदर घुसने लगे तो सुरक्षाकर्मियों के द्वारा उन्हे रोका गया। तब वे लोग गाली गलौज करते हुये मेन गेट को धक्का से खोलकर अंदर घुस आये और सुरक्षाकर्मियों से हाथ, डण्डा से मारपीट किये। थाना पूंजीपथरा में आरोपियों पर धारा 452, 294, 323, 147, 148, 427 भादवि का अपराध कायम किया गया।

अपराध अनुसंधान के क्रम में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के हमराह स्टाफ रूपानाधाम कंपनी सराईपाली पहुंची। जहां प्लांट के सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर आरोपियों की पहचान किया गया और आरोपियों की धरपकड़ में पुलिस टीम लग गई। आज मुखबिर सूचना पर बलवा में शामिल दो आरोपी (1) बबलू सोनी पिता लक्ष्मण सोनी उर्फ ननकी उम्र 32 साल निवासी सराईपाली थाना पूंजीपथरा, जिला रायगढ़ (2) नंद कुमार सिदार उर्फ बाबू सिदार पिता नरसिंह सिदार उम्र 38 साल निवासी बरपाली थाना पूंजीपथरा, जिला रायगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपियों के मारपीट में शामिल होने और अपराध कारित करने का पर्याप्त सबूत मिलने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## फरार वारंटियों की धरपकड़ जारी, कोतवाली पुलिस के हाथ आए 3 स्थाई वारंटी



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा 3 स्थाई वारंटी को मुखबिर लगाकर गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 180/2011 धारा 302 , 201, 34 भादवि के आरोपित फरार वारंटी, तथा वर्ष 2015 के अपराध क्रमांक 544/2015 धारा 457, 380 ताहि के आरोपी रोशन शर्मा, वर्ष 2015 के अपराध क्रमांक 758/15 धारा 341, 294, 506, 323, 427, 34 भादवि के आरोपी मनोज कुमार को जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में मुखबीर लगाकर वारंटियों को पकड़ा गया है। वारंटी लंबे समय से फरार थे, न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहे थे वारंटियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे,प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, आरक्षक अजय साय, सुशील मिंज की प्रमुख भूमिका रही है।

# प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त अभियान के संबंध में कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में संचालित उद्योगों के संचालक स्तर के प्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने अपने उद्योग से आश्रित ग्रामों को गोद लिये जाने हेतु निक्क्षय मित्र बनने हेतु आग्रह किया। कार्यशाला में डॉ.रितू कश्यप, सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान निक्क्षय 2.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान शिव कुमार राठौर, मुख्य महाप्रबंधक उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान अंतर्गत टी.बी. मरीजों को ईलाजरत पूर्ण होने तक अतिरिक्त पोषण आहार दिये जाने हेतु ''निक्क्षय'' मित्र बनाया जाना महत्वपूर्ण घटक है। जिस हेतु समस्त उद्योगों को निक्क्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित किया गया तथा उद्योगों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, डॉ.जयकुमारी चौधरी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी रायगढ़ एवं सुश्री रंजना पैकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, उमा महंत, जिला मिडिया अधिकारी, सुरेश कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक, दीपक गिरी गोस्वामी पीपीएम कोआर्डिनेटर, सुनील कुमार यादव पीएमडीटी कोआर्डिनेटर, मिनल देशमुख लेखापाल, अभिषेक मिश्रा, सचिवीय सहायक एवं अन्य एनटीईपी स्टॉफ उपस्थित रहे।

# गौठानों में नियमित रूप से हो गोबर खरीदी का कार्य -कलेक्टर डॉ.सिद्दकी

**❑ कलेक्टर ने ली गौठान समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक**



सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज जनपद सभाकक्ष में गौठान समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को कहा कि सभी पंचायतों में गोधन न्याय योजनांतर्गत गौठान में गतिविधियाँ शुरू होनी चाहिए और गोबर खरीदी का कार्य नियमित रूप से होना चाहिए, इसके अलावा गोधन एप्प में गौ-पालकों की संख्या बढ़ाने पर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि ऑनलाइन एप्प में एंट्री करने में किसी भी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा तैयार हुए वर्मी खाद की पैकिंग कर तैयार रखने को कहा ताकि किसानों तक उसे पहुंचाया जा सके। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने स्व-सहायता समूह के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में समूह की रोजगारमूलक गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने की दिशा में काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को समस्त गौठानों में सब्जी लगाने के काम को प्रमुखता से करने को कहा। उन्होंने कहा कि अभी ताजी सब्जियां उगाने का उपयुक्त समय है, इसका सदुपयोग करें। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने नरेगा के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में मजदूरीमूलक कार्य होना अनिवार्य है, इसे प्राथमिकता में लेकर कार्य करें। साथ ही वन अधिकार पत्र हितग्राहियों का 100 दिन कार्य की अनिवार्यता के बारे में अवगत कराते हुए हर पट्टाधारी को काम मिलना सुनिश्चित हो, इस दिशा पर कार्य करने को कहा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने पैरादान, स्वावलंबी गौठान, कचरा एकत्रण, शौचालय निर्माण इन विषयों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में जनपद सीईओ अभिषेक बनर्जी, जनपद के पदाधिकारीगण एवं गौठान समिति के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480